पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति

15 नवम्बर 2022

पीएफसी को 'पीआरसीआई ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉनक्लेव' में 4 पुरस्कार प्राप्त

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी), नई दिल्ली को भारतीय जन संपर्क परिषद द्वारा कोलकाता में आयोजित 16वें वार्षिक ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉनक्लेव में चार पुरस्कार प्राप्त हुए। यह पुरस्कार निम्नलिखित श्रेणियों में थे - **सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट फिल्म के लिए गोल्ड अवार्ड, सर्वश्रेष्ठ वार्षिक रिपोर्ट, सर्वश्रेष्ठ हाउस जर्नल प्रिंट (क्षेत्रीय) और सोशल मीडिया का सर्वोत्तम उपयोग के लिए सिल्वर अवॉर्ड।**

पीएफ़सी को कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के माध्यम से उद्देश्य-संचालित जनसंपर्क और ब्रांड रणनीति के लिए सम्मानित किया गया, जो संचार की दिशा में उत्साहवर्धक गतिशीलता जोड़ता है और जिस तरीके से यह प्रासंगिक लक्षित दर्शकों तक पहुंचने के लिए पारंपरिक और डिजिटल मीडिया दोनों की शक्ति का लाभ उठाता है।

श्री एस. एस. राव, मुख्य महाप्रबंधक (पीआर) ने संचार तकनीकों के नवोन्मेष को प्रोत्साहित करने और पीएफसी की रचनात्मक पहलों को मान्यता प्रदान करने हेतु पीआरसीआई को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर देकर कहा कि हमारी पीआर यूनिट एक विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक डोमेन पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने का प्रयास है जिसके परिणामस्वरूप यह सम्मान प्राप्त हुआ है। मुझे खुशी है कि इस दिशा में हमारे प्रयासों को एक बार फिर से भारतीय जन संपर्क परिषद जैसे प्रमुख संगठन द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

भारतीय जन संपर्क परिषद (पीआरसीआई) अखिल भारतीय संचार एक्सचेंज फोरम है जिसकी 38 भारतीय शहरों और नगरों में उपस्थिति है। यह प्रमुख नेटवर्क पीआर, मीडिया, वाणिज्यिक और सार्वजनिक सेवा के विज्ञापन, मार्कॉम, संचार में अकादमिक और छात्रों को जोड़ता है। प्रतिभा और पेशेवर मानकों को मान्यता देने के लिए कॉर्पोरेट संचार के लिए पीआरसीआई वार्षिक कॉर्पोरेट संपार्श्विक पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)